प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 28.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– आत्मसमर्पित माओवादियों और माओवाद से पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान दिए जाएंगे।

2– राज्यपाल ने आज कबीरधाम जिले के अपने प्रवास के दौरान जनजातीय योजनाओं के हितग्राहियों से की मुलाकात–अधिकारियों को योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश।

3– केन्द्र सरकार ने 'प्रसाद योजना' के तहत मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में सुविधाओं के विकास के लिए करीब अड़तालीस करोड़ रुपये की दी मंजूरी।

4– मौसम विभाग ने परसों तीस नवंबर को प्रदेश के कुछ स्थानों में बारिश होने की जताई संभावना।

..............................................................................

<u>माओवादी पीड़ित–आवास</u>

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि आत्मसमर्पित माओवादियों और माओवाद पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति के तहत आवासः प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से केन्द्र सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पंद्रह हजार आवासों की स्वीकृति दी है। श्री शर्मा ने कहा कि पीड़ित परिवारों को आवास मिल जाने से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिलेगा।

इस विशेष परियोजना के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आत्मसमर्पित माओवादियों और माओवाद पीड़ित परिवारों की सूची प्रदान करेंगे। इसके बाद जिला पंचायत द्वारा इस सूची का सर्वेक्षण और सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद कलेक्टर के माध्यम से लाभार्थियों के लिए

भूमि का चिन्हांकन किया जाएगा। इसके आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के दिशा–निर्देशों के अनुरूप आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस योजना में विशेष रूप से उन परिवारों को शामिल किया जाएगा, जिनका नाम सामाजिक–आर्थिक जाति जनगणना दो हजार ग्यारह और आवास प्लस दो हजार अट्ठारह की सूची में शामिल नहीं है। इन नामों को छह दिसंबर तक आवास प्लस पोर्टल पर अपलोड करने की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा दी गई है।

.................................................................................

राज्यपाल–कबीरधाम

राज्यपाल रमेन डेका ने कबीरधाम जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा–आदिवासियों के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने को कहा है। यह बात राज्यपाल ने आज कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने युवाओं के लिए कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री जन–मन योजना के हितग्राही बुधे लाल बैगा से मुलाकात की और उन्हें श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत निर्मित आवास का निरीक्षण किया और हितग्राही कुमारी श्रीवास से बातचीत की और उनका सम्मान किया।

.................................................................................

मुख्यमंत्री–संगोष्ठी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में 'जनजातीय अस्मिता, अस्तित्व और विकास' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज की परंपराओं, संस्कृति, रीति–रिवाज, तीज–त्यौहार और शासन द्वारा जनजातीय उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारीं साझा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए पीएम जन–मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेरह नवंबर को जशपुर जिले में आयोजित पदयात्रा की सफलता की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशंसा की है।

...........................................................................

<u>प्रसाद योजना–राशि</u>

केन्द्र सरकार ने 'प्रसाद योजना' के तहत राजनांदगांव जिले के मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधा विकास परियोजनाओं के लिए अड़तालीस करोड़ चवालीस लाख रुपये की मंजूरी दी है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज राज्यसभा में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए 'स्वदेश दर्शन योजना' के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने लगभग पांच हजार दो सौ नब्बे करोड़ रुपये की छिहत्तर परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें छियानवे करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत "जशपुर–कुनकुरी–मैनपाट–कमलेशपुर–महेशपुर–कुरदर–सरोधादादर–गंगरेल– कोंडागांव–नाथिया नवा गांव जगदलपुर–चित्रकूट–तीर्थगढ़ का विकास" शामिल है। वहीं, स्वदेश दर्शन 'टू प्वॉइंट ओ' के अंतर्गत 'बिलासपुर' और 'जगदलपुर' की पहचान की गई है।

...........................................................................

<u>छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस</u>

आज छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि "छत्तीसगढ़ी भाखा म हमर माटी के महक आथे। छत्तीसगढ़ी भाखा हमर अभिमान ए। सब अपन भाखा ला मान देहू तभे वो आघू बढ़ही"। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के लिए छत्तीसगढ़ी को दैनिक बोलचाल के साथ साहित्य सृजन और प्रचार–प्रसार की भाषा बनाने की आवश्यकता है। हमे अपने पारंपरिक संस्कारों को बढ़ावा देने के साथ उनका परिचय नई पीढ़ी से कराना भी जरूरी है।

..............................................................................

<u>सुनील सोनी–विधायक शपथ</u>

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के नव–निर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने आज विधायक पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आयोजित समारोह में श्री सोनी को विधायक पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य और विधायक मौजूद थे।

..............................................................................

<u>फिल्म सिटी–कन्वेंशन सेंटर</u>

छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास फिल्म सिटी बनाई जाएगी। इसके अलावा राज्य में जनजातीय और सांस्कृतिक कन्वेंशन सेंटर का भी निर्माण किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार ने करीब एक सौ सैंतालीस करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। केन्द्र सरकार ने इन दोनों परियोजनाओं के लिए स्पेशल असिस्टेन्स टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेसटमेंट के तहत राशि स्वीकृत की है। फिल्म सिटी के लिए करीब पंचानवे करोड़ रूपये और जनजातीय कन्वेंशन सेंटर के लिए लगभग बावन करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। फिल्म सिटी और यह कन्वेंशन सेंटर रायपुर के पास माना–तूता में बनाए जाएंगे।

..............................................................................

<u>तिलहन फसल–अनुदान</u>

राज्य सरकार ने तिलहनी फसलों के लिए बीज उत्पादन और वितरण अनुदान को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह सौ रुपये करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह अनुदान कृषक समग्र विकास योजना के तहत दिया जाएगा। इससे किसान तिलहन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित होंगे और तिलहन की अधिक उपज सुनिश्चित करने के लिए बेहतर बीज का भी इस्तेमाल करेंगे।

..............................................................................

<u>कार्यशाला</u>

नवा रायपुर में आज ''सतत आवास और कृषि क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना के क्रियान्वयन'' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पद्मश्री उमा शंकर पांडे ने जल संरक्षण के अपने अनुभव साझा किए। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय और संग्रहालय स्थापित किए जाने चाहिए।

गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश के बांदा निवासी पद्मश्री उमा शंकर पांडे ने बिना किसी सरकारी मदद के ''खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़'' अभियान के माध्यम से अपने गांव में जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन और कृषि से जुड़े विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

.............................................................................

रिक्त पद–भर्ती स्वीकृति

वित्त विभाग ने नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में छियानवे पद, विद्युत निरीक्षक कार्यालय में सत्ताईस और न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला–एफएसएल में वैज्ञानिक अधिकारी के अट्ठाईस रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तरह तीनों विभागों में कुल एक सौ इंक्यावन विभिन्न पदों पर भर्ती होगी। राज्य में अब तक उन्नीस विभागों में आठ हजार नौ सौ इकहत्तर पदों में भर्ती के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी दी है।

.............................................................................

चित्रकला प्रतियोगिता

दुर्ग जिले में पावरग्रिड के कुम्हारी उपकेंद्र द्वारा स्कूली बच्चों के लिए 'ऊर्जा संरक्षण' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में पहला स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आगामी ग्यारह दिसम्बर को नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

.............................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल–

मौसम विभाग ने तीस नवंबर से प्रदेश में बारिश शुरू होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण छत्तीसगढ के कुछ जिलों में कल उनतीस नवंबर से बादल छाए रहने और तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। एक गहरा अवदाब दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके असर से प्रदेश के दक्षिणी भाग में नमी के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं।

.........................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– समाज सुधारक और विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संविधान दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ लीगल एजुकेशन रिसर्च नेटवर्क का शुभारंभ किया।

– सहाकारिता मंत्री केदार कश्यप कल बेमेतरा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की चार नई शाखाओं का उद्घाटन करेंगे। ये शाखाएं नवागढ़ तहसील के अंतर्गत बदनारा, कन्हेरा, सत्धा और गोड़गिरी गांव में शुरू होंगी।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में तरेसर के पास मरम्मत कार्य के कारण कल उनतीस नवंबर की सुबह आठ बजे से एक दिसंबर की सुबह आठ बजे तक समपार गेट पर सड़क यातायात बंद रहेगा।

– कोरिया जिले के बैकुंठपुर इलाके में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से घर के बाहर बैठी महिला और एक वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा कल उनतीस नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>